<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 01.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत पर दिया जोर।

2- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दुष्कर्म के मामलों की सुनवाई को लेकर विशेष न्यायालय की स्थापना के लिए लिखा पत्र।

3- राज्य में उत्पाद सिपाही दौड़ में अब तक आठ अभ्यर्थियों की मौत, मुख्यमंत्री के आदेश के बाद बदला भर्ती दौड़ का समय, आईजी ने कहा मामले की करायी जायेगी जांच।

4- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही दौड़ में जान गंवाने वाले अभ्यर्थियों के आश्रितों को सरकारी नौकरी और भाकपा ने दस लाख मुआवजा देने की मांग की।

5- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में रूक–रूक कर हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने 18 जिलों में आज बारिश को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।

***************

प्रधानमंत्री ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। श्री मोदी ने नई दिल्ली में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितना जल्दी निर्णय लिया जाएगा उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्ष, भारतीय संविधान और इसके संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में न्याय मिलने में देरी को दूर करने के लिए कई स्तरों पर काम किए गए हैं।

***************

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे एक पत्र में दुष्कर्म और पोक्सो मामलों से निपटने के लिए त्वरित विशेष न्यायालय की स्थापना और इनके संचालन में तेजी लाने को कहा है। केन्द्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल में मौजूदा त्वरित न्यायालयों में लम्बित मुकदमों पर चिन्ता व्यक्त की है। केंद्रीय मंत्री ने महिला सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के खिलाफ महिलायें शी–बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

***************

झारखंड में उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए राज्य के विभिन्न केंद्रों पर चल रही दौड़ के क्रम में दो दिनों के भीतर छह अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक सप्ताह के भीतर ऐसे आठ लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं। राज्य में इस नियुक्ति के लिए चल रही शारीरिक जांच परीक्षा में एक सौ से अधिक अभ्यर्थी बेहोश होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं, जिनमें दर्जनों अभ्यर्थियों का अलग अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दौड़ के समय सबसे ज्यादा अभ्यर्थियों की मौत और बेहोशी के मामले पलामू से सामने आए हैं, जहां दो दिनों में चार लोगों की मौत हो चुकी है और 80 से ज्यादा अभ्यर्थी इलाजरत हैं। पलामू के अलावा हजारीबाग में दो तथा गिरिडीह और जादूगोड़ा में एक–एक अभ्यर्थी की दौड़ के क्रम में दम फूलने से जान गई है।

***************

उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों की मौत और बेहोशी के मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद भर्ती दौड़ का समय बदलकर सुबह चार बजे से नौ बजे तक कर दिया गया है। इधर राज्य के आईजी अभियान सह प्रवक्ता एवी होमकर ने कहा है कि अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच की जायेगी। उन्होंने

कहा कि कुछ केंद्रों पर पर शारीरिक परीक्षा के क्रम में अभ्यर्थियों की मौत हो गई है। इस मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

***************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उत्पाद सिपाही दौड़ में आधा दर्जन से अधिक युवकों की मौत मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। श्रीमरांडी ने कहा कि जिन युवकों की मौत हुई है उनके आश्रितों को मुआवजा और सरकारी नौकरी मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा कि 8 अगस्त को उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए अधिसूचना निकाली गई और 14 अगस्त को एडमिट कार्ड दिया गया, जबकि 22 अगस्त से दौड़ शुरू हो गई। महज 15 दिन में अभ्यर्थी ठीक से तैयारी नहीं कर पाये और मौतें हो रही हैं।

***************

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण राज्य का विकास थम गया है। श्रीमहतो मांडू विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

***************

वहीं दूसरी ओर झारखंड में सरकार की सहयोगी पार्टी भाकपा के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और जिला सचिव अजय सिंह ने उत्पाद सिपाही दौड़ में जान गंवानेवाले अभ्यर्थियों के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा और बेहोश अभ्यर्थियों के इलाज का खर्च राज्य सरकार से उठाने की मांग की है।

***************

राजधानी रांची स्थित रिम्स के मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष ने बताया कि लंबी दौड़ में शामिल होने से पहले युवाओं की स्वास्थ्य जांच कराई जानी चाहिये। फेफड़े या दिल की बीमारी रहने पर लंबी दौड़ लगाना जानलेवा साबित हो सकता है। कई युवा शक्तिवर्धक दवा का प्रयोग करते हैं जिससे जान जा सकती है।

***************

रामगढ़ जिले में राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत आज से राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है।

***************

झारखंड सरकार द्वारा कृषि बाजार समिति के माध्यम से दो प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने के विरोध में जामताड़ा जिले के व्यवसायियों ने चार सितंबर को आंदोलन की घोषणा की है। जामताड़ा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि व्यवसायियों के विरुद्ध इस काले बिल को हर हाल में वापस लेना होगा।

***************

कोडरमा थाना क्षेत्र के बागीटांड़ स्थित एक होटल में छापेमारी कर पुलिस ने देह व्यापार गिरोह का खुलासा करते हुए चार महिला और चार पुरुषों को गिरफ्तार किया है।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में रूक रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने राज्य के 18 जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है उनमें रांची के अलावा पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और चतरा भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने आज तक मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जतायी है।

*******समाप्त*******